an>

Title: Need to close meat factories in Aligarh Parliamentary Constituency.

श्री सतीश कुमार गौतम (अलीगढ़) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपको सबसे पहले धन्यवाद दूंगा कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया। मैं अपने संसदीय क्षेत्र अलीगढ़, जो उत्तर प्रदेश में है, की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। वहां से मांस निर्यात हेतु पशुओं के बढ़ते कटान के कारण रोजाना किसानों की हत्या हो रही है। जब पशु को खोलने और ले जाने के लिए आते हैं, तो वे किसान की हत्या करने में भी परहेज नहीं करते।

13.00 hrs.

उत्तर प्रदेश में यदुवंशियों की सरकार है और जब हम कोई शुभ काम करने के लिए जाते हैं तो अपने मां-बाप के पैर छूते हैं साथ ही गौ-माता के भी पैर छू कर जाते हैं तो वह कार्य सफल होता है। लेकिन अध्यक्ष महोदय, जो गायों का कटान हो रहा है उसमें भारत देश प्रथम है। मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन है कि संसदीय क्षेत्र अलीगढ़ में जो मीट की फैक्ट्रियां चल रही हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए और कोई भी नयी फैक्ट्री खोलने का लाइसेंस नहीं दिया जाए।

माननीय अध्यक्ष : पप्पू यादव जी, पहली बात तो यह है कि आपका काम केवल क्षमा से नहीं चलेगा, आपका व्यवहार बहुत ही खराब रहा, ये दुबारा नहीं होना चाहिए। मन से क्षमा मांगिये, दुबारा ऐसा नहीं होना चाहिए।

SHRIMATI RANJEET RANJAN (SUPAUL): Madam, please allow me to speak....(*Interruptions*)